हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
3 अगस्त 2024, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 32वें अंतर्राष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्री सम्मेलन को संबोधित किया।
-श्री मोदी ने कहा कि, कृषि सरकार की आर्थिक निति का मुख्य केंद्र है।
- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सभी नागरिकों से, हर घर तिरंगा अभियान को आगे बढ़ाने और इसमें उत्साह के साथ भाग लेने की अपील की है।
- हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने पात्र नागरिकों से अपना वोट बनवाने का आह्वान किया है।
-16 अगस्त तक नए वोट बनाने के लिए दावे तथा आपत्तियां दर्ज की जायेगी।
- केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री निमुबेन बांभणिया ने रोहतक में प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित किया और कहा कि, केंद्रीय बजट भारत को समृद्ध भविष्य की और ले जायेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत अतिरिक्त खाद्यान्न उत्पादन करने वाला देश है और वह वैश्विक खाद्य सुरक्षा और वैश्विक पोषण सुरक्षा कार्यों में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार सुधारों के साथ कृषि क्षेत्र को मजबूत कर रही है और इनका उद्देश्य किसानों के जीवन में सुधार लाना है।
आज नई दिल्ली में 32वें अंतर्राष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्री सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि कृषि, सरकार की आर्थिक नीति का मुख्य केंद्र है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2024-25 के केंद्रीय बजट में सतत कृषि पर विशेष ध्यान दिया गया है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने पिछले दस वर्षों में जलवायु अनुकूल फसलों की 1900 नई किस्में उपलब्ध कराई हैं। भारत मोटे अनाज, दुग्ध , दाल और मसालों का सबसे बडा उत्पादक है।उन्होंने कहा कि देश के कृषि क्षेत्र में डिजीटल प्रौद्योगिकी का उपयोग हो रहा है और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत दस करोड किसानों के बैंक खातों में एक क्लिक से पैसे पहुंच जाते हैं।प्रधानमंत्री ने भूमि के डिजीटलीकरण अभियान का ज़िक्र भी किया। उन्होंने कहा कि किसानों को अपनी भूमि के लिए डिजीटल पहचान संख्या दी जाएगी। श्री मोदी ने कहा कि किये जा रहे उपायों से केवल देश के किसानों को ही लाभ नहीं होगा बल्कि वैश्विक खाद्य सुरक्षा को भी

मजबूती मिलेगी।सम्मेलन में करीब 75 देशों के लगभग एक हजार प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। इस वर्ष सम्मेलन का विषय- "सतत कृषि-खाद्य व्यवस्था में बदलाव" रखा गया है। इस अवसर पर केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की कृषि विकास दर विश्व में लगातार सबसे अधिक बनी हुई है। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों के अधिक उपयोग के विपरीत प्रभावों का भी उल्लेख किया जिसकी वजह से मिट्टी की उपजाऊ शक्ति में कमी आ रही है। कृषि मंत्री ने कहा कि देश में अब प्राकृतिक कृषि पर ज़ोर दिया जा रहा है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सभी नागरिकों से हर घर तिरंगा अभियान को आगे बढ़ाने और उत्साह के साथ इसमें भाग लेने की अपील की है।सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने लोगों से 9 से 15 अगस्त के बीच अपने घरों में तिरंगा फहराने को कहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हर घर तिरंगा अभियान पिछले दो वर्षों में एक राष्ट्रीय आंदोलन बन गया है। उन्होंने कहा कि यह देश भर के लोगों में एकता की भावना जागृत कर रहा है। गृहमंत्री ने लोगों से तिरंगे के साथ एक सेल्फी लेने और उसे हर घर तिरंगा वेबसाइट - hargarhtiranga.com पर अपलोड करने की भी अपील की है।

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने पात्र व्यक्तियों से अपना वोट बनवाने का आह्वान किया है ।

श्री अग्रवाल ने कहा है कि मतदाता सूचियों के द्वितीय विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार पात्र व्यक्तियों से 16 अगस्त तक नए वोट बनाने के लिए दावे तथा आपत्तियां दर्ज की जायेगीं। इस दौरान वोट बनवाने के अपने फार्म सम्बन्धित बूथ पर ब्लॉक लेवल अधिकारी के पास जमा किए सकते है। नागरिक वोटर पोर्टल या वोटर हेल्पलाईन एप के माध्यम से भी ऑनलाईन फार्म भर कर अपना वोट बनवा सकते है।
इसके अलावा आज व कल तथा 10 व 11 अगस्त को BLO द्वारा आवेदन लेने के लिए संबंधित बूथ पर विशेष अभियान चलाया जाएगा।
श्री अग्रवाल ने बताया कि कोई भी मतदाता पहले से दर्ज अपने विवरण में संशोधन भी करवा सकता है और किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से हटवाने के लिए आपत्ति दर्ज की जा सकती है।

उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि तक प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निपटान 26 अगस्त तक किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूचियों का प्रकाशन 27 अगस्त को किया जाएगा। मतदाता सूचियों का प्रारम्भिक प्रकाशन कल राज्य के 90 विधान सभा क्षेत्रों के सभी मतदान केन्द्रों पर किया गया है।

केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री निमुबेन बांभणिया ने आज भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय मंगल कमल में प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित किया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के तौर पर बोलते हुए उन्होंने केंद्र सरकार की ओर से हाल ही में पेश किए गए बजट पर अपने विचार रखे। उन्होंने बजट की सराहना की। बाद में पत्रकारों से बातचीत में निमुबेन बांभणिया ने केंद्रीय बजट को दूरदर्शी बताया। उन्होंने कहा कि यह व्यय आधारित बजट है, जो भारत को समृद्ध भविष्य की ओर ले जाएगा। उन्होंने कहा कि बजट में बुनियादी ढांचे के विकास, युवाओं के लिए कौशल संवर्धन और रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि बजट गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए समर्पित है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने वेतनभोगी वर्ग के लिए बजट के लाभों की भी सराहना की। वहीं, एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सरकार महंगाई पर नियंत्रण के लिए कदम उठा रही है। उन्होंने खेल के बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से उठाए गए कदमों की भी सराहना की।

भारतीय अंग दान दिवस पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन ने आज नई दिल्ली में अंग दान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने उन परिवारों को सम्मानित किया जिन्होंने ब्रेन डेड घोषित होने के बाद अपने परिवार के सदस्यों के अंग दान कर दिये। उन्होंने देश में अंग लेने वालों और सफल अंग प्रत्यारोपण करने वाले चिकित्सकों का भी अभिनंदन किया। सुश्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि देश में पिछले दस वर्षों में अंग दान चार गुना बढकर 18 हजार, 378 पर पहुंच गया है।इस दौरान नीति आयोग के सदस्य डॉक्टर V.K. पॉल ने अंग दान के बारे में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने देशभर के मल्टी स्पेशियलिटी अस्पतालों से अंग प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध कराने की अपील की।

होडल के विधायक जगदीश नायर ने आज  गांव पिंगोड में करीब 68 लाख रुपए की लागत से बनाई जाने वाली फिरनी, करीब 9 लाख रुपये की लागत से बनाई जाने वाली  पिछड़ी जाति चौपाल और इसी गांव में करीब 2 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से सिंचाई विभाग द्वारा बनवाए जाने वाले पुल का  शिलान्यास किया। इसके अलावा विधायक  ने गांव नौरंगाबाद में करीब 40 लाख रुपए की लागत से बनाई गई फिरनी  का उद्घाटन किया।इस अवसर पर श्री नायर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के नेतृत्व में सभी विकास कार्य तेज गति के साथ पूर्ण करवाए जा रहे हैं।  सभी विधानसभा क्षेत्रों के विकास कार्य करवाने के लिए सरकार ने धनराशि की कोई कमी नहीं आने दी हैं।

केंद्रीय पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार प्रदान करने के लिए देश भर से ऑनलाइन नामांकन आमंत्रित किए हैं। हरियाणा के पशुपालक किसान राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल  https://awards.gov.in के माध्यम से 31 अगस्त तक आवेदन भेज सकते हैं।सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि स्वदेशी गोजातीय नस्लों का वैज्ञानिक तरीके से संरक्षण और विकास करने के उद्देश्य से देश में पहली बार दिसंबर 2014 में  शुरू किए गए राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत यह पुरस्कार दिए जाते हैं । राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार तीन श्रेणियों में प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सर्वश्रेष्ठ डेयरी किसान और सर्वश्रेष्ठ डेयरी सहकारी समिति, दूध उत्पादक कंपनी तथा डेयरी किसान उत्पादक संगठन, को दो श्रेणियो में प्रथम स्थान के लिए पांच लाख रुपये, दूसरे स्थान के लिए तीन लाख रुपये व तीसरे स्थान के लिए दो लाख रुपये नकद पुरुस्कार के तौर पर दिए जाएंगे। इसके इलावा सर्वश्रेष्ठ कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन श्रेणी में यह पुरस्कार दिया जाएगा। तीनों श्रेणियों के लिए पुरस्कार में प्रमाणपत्र और एक स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा । उन्होंने बताया कि यह पुरस्कार 26 नवंबर को राष्ट्रीय दुग्ध दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाएंगे।